तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 1 अप्रैल 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



14 14 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर पंचायत ...



14 ईदगाह में नमाज अदा कर मनाया गया ईद...




## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

## लापरवाही : मचांदुर में खनिज के आरक्षक सोते रहे, अज्ञात लोग चेन माउंटेन ले उड़े

# मचांदुर खदान से जब्त तीन चेन माउंटेन में एक गायब, नाका स्टाफ को खबर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

खनिज विभाग ने लगभग 22 दिन पहले चारामा क्षेत्र में महानदी में अवैध ढंग से

- खनिज विभाग की जाँच के बाद पता चलेगा कि कितनी मशीनें हुई हैं गायब
- जब्त सभी चेन माउंटेन पर कार्वाई करने की चल रही है नोटशीट



दो चैन माउंटेन के पास गायब चैन माउंटेन के चक्के के है निशान



चेन माउंटेन को इस तरह से किया था सील

रेत का उत्खनन करने वाली 16 चैन माउंटेन को सील किया गया था, इसमें से मचांदुर खदान के पास से एक चैन माउंटेन गायब है। ट्रैक्टर से रेत निकालने वाले मजदूरों का कहना था कि कल मशीन थी, शायद रात को कोई ले गया होगा। चारामा क्षेत्र से गुजरने वाली महानदी कई गांव से होकर गुजरती है ओर लगभग एक दर्जन गांव में नियमों को ताक में रखकर अवैध उत्खनन व परिवहन का खेल जोरों से चल रहा था। चारामा के सभी नेता इस खेल से वाकिफ थे, अचानक भाजपा के कुछ नेताओं की नींद खुली और रेत खदानों को बंद करवाने और चैन माउंटेन को जप्त करवाते हुए नजर आएं। चैन माउंटेन के जप्त होने के दौरान कई ऐसे चेहरे भी नजर आएं, जिनका नाम रेत माफिया के रूप में समाचारों में कई बार प्रकाशित हो चुका है और कई बार मारपीट को लेकर थाने में आवेदन देने का भी सिलसिला चला है। चारामा क्षेत्र की विवादों में फंसी रेत खदान को लेकर 22 दिन पहले जमकर बवाल मचा, अंततः सभी रेत खदान में लगी चैन माउंटेन को सील करके जप्त कर दिया गया। ट्रैक्टर से रेत का अवैध व्यापार करने वाले माफियाओं का खेल अनवरत जारी है। दो दिनों से भुईगांव खदान से रात को हाईवा निकलने का हो हल्ला मचने पर हरिभूमि टीम ने सोमवार 31 मार्च को जायजा लिया, दिन में एक भी हाईवा नहीं थी, परंतु हाईवा के आने जाने

▶▶| शेष पेज 12 पर

### मचांदुर से एक चेनमाउंटेन गायब

मचांदुर खदान के पास तीन चैन माउंटेन को सील किया गया था, उसमें एक चैन माउंटेन मशीन गायब थी। मशीन के पास आराम कर रहे और खाना खा रहे लोगों से बात किया तो उनका कहना था कि हम लोग मचांदुर के है और ट्रैक्टर में रेत को लोड करते है, इसके अलावा हम लोग कुछ नही जानते, उनसे बात करने पर बताया कि मशीन रविवार 30 मार्च को दिन में खड़ी थी और सोमवार 31 मार्च को आएं, तभी देखा कि तीन में से एक मशीन गायब थी। चैन माउंटेन को कौन ले गया, उसके बारे में ग्रामीण कुछ नहीं बता पाएं।

### नाका स्टाफ है बेखबर

मचांदुर नाका में तैनात खनिज विभाग में संलग्न नगर सैनिकों से बात किया तो उनका कहना था कि हम लोग दिन में है, इसके बारे में रात की टीम ही बता पाएगी। रात की ड्यूटी में तैनात खनिज विभाग के आरक्षक तंवर से संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु उनसे संपर्क नहीं हो पाया। चैन माउंटेन रात में ही निकली है, परंतु जिम्मेदार खनिज विभाग के आरक्षक चैन की नींद सोते रहे। मचांदुर नाका की टीम सतर्क रहती तो चैन माउंटेन गायब नही होती, जाँच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि यह चूक कैसे हो गई।

### अवकाश होने के चलते नहीं मिल पाई जानकारी

सोमवार 31 मार्च को ईद का अवकाश होने के कारण खनिज विभाग से यह जानकारी नहीं मिल पाई कि चैन माउंटेन को किसके सुपुर्द किया गया था और गायब होने पर किस पर जिम्मेदारी तय मानी जाएगी। यह भी जानकारी है कि सभी चैन माउंटेन पर कार्यवाही करने के लिए नोटसीट चल चुकी है। विभाग गायब होने वाले चैन माउंटेन के मालिकों से कैसे जुर्माना वसूलेगी, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

## कर्मा महोत्सव में विधायक सावित्री होंगी शामिल



**दुर्गुकोंदल।** तहसील साहू समाज दुर्गुकोंदल के द्वारा भक्त शिरोमणी माँ कर्मा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 3 अप्रैल गुरुवार को सिलपट में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज मंडावी, विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष साहू समाज छत्तीसगढ़ टहल सिंह साहू, कसडोल विधायक संदीप साहू एवं राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष साहू समाज एवं विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, उपाध्यक्ष जनपद आनंद तेता एवं अन्य के साथ कार्यक्रम में सात परिक्षेत्र सिलपट, भिरागांव, दुर्गुकोंदल, बड़गांव, कापसी, पखांजूर, बान्दे के साहू समाज सम्मिलित होंगे। कार्यकम में आराध्या साहू बाल पंडवानी गायिका की प्रस्तुति समय 12 बजे से होगी।

## सीताराम मंडावी बने सरपंच संघ के अध्यक्ष

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा ब्लॉक में सरपंचों द्वारा सरपंच संघ के पदाधिकारी का गठन किया गया था सीताराम मांडवी को सरपंच संघ का अध्यक्ष चुना गया। चुनाव के दौरान 49 में से 41 सरपंचों ने भाग लिया। अन्य पदाधिकारियों को भी जिम्मेदारी दी गई।

## खबर संक्षेप



### शराब कोचिए को पुलिस ने दबोचा, की कार्रवाई

**कांकेर।** चारामा पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला की एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचने का काम कर रहा है। जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने 30 मार्च को दोपहर ढेड़ बजें रेड कार्यवाही कर आरोपी वार्ड क्रमांक 12 चारामा निवासी 30 वर्षीय अजीत नागदेवे पिता गोपीचंद के पास से एक थैला में रखा हुआ 6 नग पौवा मसाला एवं 3 नग पौवा प्लेन देशी शराब कुल 810 रूपएं कि शराब और नगद 120 रूपएं को जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 34 (1) (ए) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### बिजली व मोबाइल सेवा कंडम, ग्रामीण परेशान

**सरोना।** विकासखंड नरहरपुर के ग्राम सरोना में विगत कई दिनों से बिजली और मोबाइल नेटवर्क की स्थिति बहुत खराब हो गई है, जिससे सरोना के साथ कई गांव के ग्रामीण परेशान हो रहे है, इसके अलावा व्यवसायी भी परेशान है। बिजली दिन में कई बार बंद होती रहती है और वोल्टेज की भी दिक्कत होती है। दिन में बार बार बंद होने से व्यापारियों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है, इसके अलावा बिजली की तरह ही मोबाईल नेटवर्क का हाल बुरा हो गया है। नेटवर्क सही नहीं मिलने से किसी से बात भी नहीं होती है और कई आनलाईन काम भी नहीं हो पा रहे है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से इस समस्या के निराकरण की माँग किया है और समस्या का निराकरण नहीं होने पर ग्रामीण कभी भी आंदोलन के लिए सड़क पर उतर सकते है।

## चांद के दीदार के बाद कांकेर में धूमधाम से मनाई ईद, रैली के शक्ल में पहुँचे ईदगाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मुस्लिम समाज ने 29 वां रोजा पूरा कर ईद उल फितर का त्योहार हर्षोउल्लास के साथ मनाया। रविवार शाम को ईद के चांद का कांकेर शहर में समेत पूरे जिले में कहीं भी दीदार नहीं हुआ। इसके अलावा आसपास के अन्य जिलों में भी चांद के दीदार की जानकारी नहीं आई, जिससे ईद को लेकर शाम को अंजमस की स्थिति बनी रही। रात में महासमुंद व खरोरा में चांद देखे जाने की खबर मिली, जिस पर रात 9 बजे सोमवार को ईद मनाने की तैयारी करने कहा गया।

अंजुमन इस्लामिया कमेटी से चांद की तस्दीक के लिए राजिम टीम भेजी गई थी, जिसने महासमुंद व खरोरा से चांद देखे जाने की तस्दीक की थी। कांकेर टीम राजिम की टीम से संपर्क कर रात 1 बजे ईद के चांद की तस्दीक कर कांकेर पहुंची, जिसके बाद एलान किया गया कि सोमवार सुबह ईद मनाई जाएगी। कांकेर की टीम से जिले के भानुप्रतापपुर, चारामा, नरहरपुर की अंजुमन कमेटी के अलावा कोंडागांव व फरसगांव की कमेटी ने तस्दीक कर ईद मनाने का एलान किया। सोमवार 31 मार्च को जामा मस्जिद के सामने से ईदगाह के लिए जुलूस निकाला गया, जिसके ईदगाह पहुंचने के बाद सुबह 10 बजे ईद जामा मस्जिद के ईमाम मुफ्ती सिराजुद्दीन अल कादरी की ईमामत में विशेष नमाज अदा की गई। इसके पहले मुफ्ती ने ईद को लेकर तकरीर करते कहा ईद में खुद ही खुशी नहीं मनाना है। गरीबों की मदद कर उन्हें भी खुशी देना है। यदि कोई बच्चा यतीम है तो उसके बेहतर पढ़ाई व गुजर बसर के लिए इंतजाम करे। इसे लेकर उन्होंने हुजूर पैंगबर मोहम्मद का वाकिया सुनाते कहा ईद के दिन जब ईदगाह नमाज के लिए जा रहे थे तो उन्हें एक रोते हुए बालक मिला। पूछने पर उसने बताया मेरे वालिद एक जंग में शहीद हो गए, अब ईद पर मेरे लिए नए कपड़े कोई नहीं है, जिसे देख पैगंबर ने उसे अपने साथ अपने घर ले गए। उसे नए कपड़े पहना तैयार कर अपने कंधे पर बैठा ईदगाह लेकर आए तथा संदेश दिया हमें यतीम, बेसहारा की

▶▶| शेष पेज 12 पर



## मुंगवाल में टंगिया मारकर बैगा की हत्या, पुलिस जाँच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

कोरर थानांतर्गत ग्राम मुंगवाल में बीती रात को टंगिया से बैगा पर हमला करके अज्ञात व्यक्ति ने हत्या कर दिया। खबर मिलते ही कोरर थाना प्रभारी टीम के साथ मुंगवाल पहुँचे और शव का पीएम करवाकर परिजनों को सौंपा गया। जानकारी के अनुसार कोरर पुलिस को सुबह खबर आई कि मुंगवाल में हत्या हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि गला की रेतकर हत्या किया गया है। क्षेत्र संवेदनशील होने के चलते पुलिस ने घटना की बारीकी से तस्दीक किया और उसके उपरांत थाना प्रभारी जितेंद्र गुप्ता टीम के साथ ग्राम मुंगवाल पहुँचे। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी एक बेटा और एक बेटी है। बेटी की शादी केशकाल में हुई है और बेटा काम करने झांसी उत्तर प्रदेश में रहता है। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी मृतक की बेटी को दे दिया था। मृतक बैगा का काम करता था और बीती रात को जहाँ पर पूजा करता था, उसी के पास में खटिया पर सोया था। सोते समय ही मृतक के गले में टंगिया से एक ही वार किया और गले से खून निकलने पर उसकी मौत

▶▶| शेष पेज 12 पर

## मीटर से छेड़छाड़ करके बिजली चोरी की प्रकरण पंजीकृत, मामले की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- इनकमिंग वायर से टेप कर मीटर को बायपास करके कर रहा बिजली चोरी





पखांजुर थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13 तहसीलपारा पखांजुर निवासी शुभम कुण्डु पिता सुधीर कुण्डु द्वारा व्यावसायिक कनेक्शन के मीटर से पूर्व इनकमिंग वायर से टेप कर मीटर को बायपास करके बिजली चोरी कर घरेलू उपयोग करना पाए जाने पर विभाग की शिकायत पर शुभम कुण्डु के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 आईएनडी के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विद्युत चोरी की जानकारी मिलते ही विभाग ने जांच करने के लिए विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता छग स्टे. पा. डि. कं लिमि. जगदलपुर द्वारा गठित टीम के कार्यपाल अभियंता अमर भगत, सहायक लाईनमैन मूलचंद मौर्य, बलदेव राम साहू एवं कनिष्ठ अभियंता पखांजूर जितेन्द्र देहारी शामिल थे। जांच करने पर असीत पोद्दार के व्यवसायिक कनेक्शन के मीटर से पूर्व इनकमिंग वायर से टेप कर मीटर को बायपास करके शुभम कुण्डु पिता सुधीर कुण्डू द्वारा बिजली चोरी करके घरेलू उपयोग किया जा रहा था। शुभम कुण्डू को जैसे ही जांच का पता चला तो उन्होने तत्काल घर का दरवाजा बंद कर दिया एवं आवाज लगाने पर भी नही खोला, जिससे घर का वास्तविक भार ज्ञात करना संम्भव नही हो पाया। जांच टीम द्वारा करेंट मापने के यंत्र से वायर में प्रवाहित करेंट को मापा गया, जो कि एक एम्पीयर पाया गया। उपभोक्ता के द्वारा जांच की जानकारी होने के बाद घर में रखे अधिकतम उपकरणों को बंद करने की संम्भावना है, जिससे लोड बहुत कम दर्ज हो पाया है। उक्त विद्युत चोरी से विद्युत विभाग को 11 हजार 68 रूपएं राजस्व की हानि हुई है, जो कि संभावित है कि वास्तविक भार ज्ञात होने के उपरांत अधिक होगा। शुभम कुण्डू पिता सुधीर कुण्डू का वर्तमान में कोई सक्रिय बिल नही है, जबकि उनके परिवारजनों के नाम से उसी परिसर में कुल 1 लाख 9 हजार 703 रूपएं का बकाया राशि है। सतर्कता जांच के दौरान उपभोक्ता असीत पोद्दार द्वारा

▶▶| शेष पेज 12 पर

## अज्ञात शव बरामद, पुलिस की जांच जारी



**कांकेर।** थानांतर्गत कांकेर के भण्डारीपारा के मरादेव मंदिर के पास एक अज्ञात का शव मिला। भण्डारीपारा निवासी 32 वर्षीय किशन यादव पिता रूपराम यादव ने पुलिस को बताया कि 30 मार्च को मरादेव मंदिर के पास एक अज्ञात पुरूष उम्र करीबन 55-60 वर्ष का मृत अवस्था में पड़ा है, जिसके परिजन का पता तलाश किया जा रहा है, लेकिन शिनाख्ती नहीं हो पाया है। पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। अज्ञात मृतक के बदन में काला रंग का टी-शर्ट एवं काला रंग का पेंट पहना हुआ है। कद लगभग 5 फीट 8 इंच, रंग गोरा, चेहरे में सफेद दाढ़ी, मुंछ सिर के बाल आधा गंजा एवं काले सफेद छोटे बाल, उम्र 55-60 वर्ष है। पुलिस ने अव्हान किया है कि अज्ञात मृतक के बारे में कोई भी जानकारी हो तो पुलिस थाना कांकेर को जानकारी दे सकते है।

## अंबा कार्यकर्ता सहायिका संघ की रीती बनीं अध्यक्ष



**दुर्गुकोंदल।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की बैठक आयोजित कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के अध्यक्ष व सचिव का चुनाव किया जाना था। परियोजना दुर्गुकोदल और भानुप्रतापपुर दोनों जगह का प्रांतीय पदाधिकारी नेतृत्व में चुनाव किया गया और सर्व सम्मति से दुर्गूकोंदल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ का अध्यक्ष रीता वस्त्रकर को मनोनीति किया गया वहीं सचिव खिलेश्वरी टांडिया, कोषाध्यक्ष दुर्गा मडावी एवं उपाध्यक्ष प्रीति साहू को मनोनीति किया।

## हिंदू नववर्ष व नवरात्रि के शुभारंभ पर किया गया आयोजन

# शीतला तालाब में हनुमान चालीसा पाठ के बाद गंगा महाआरती और आकर्षक आतिशबाजी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



हिंदू नववर्ष व नवरात्र के प्रथम दिवस पर शीतलापारा के शीतला माता मंदिर तालाब प्रांगण में भव्य गंगा महाआरती 30 मार्च को किया गया। गंगा महाआरती के पहले हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। गंगा महाआरती के उपरांत हुई आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र बिंदु रहा। शीतला तालाब के चारों तरफ आकर्षक लाइट डेकोरेशन से सजाया गया था और शाम से ही चल रहे भजन संध्या को श्रद्धालुओं ने लुत्फ उठाया। हनुमान चालीसा का पाठ होने के उपरांत गंगा महाआरती का प्रारंभ हुई और उसके बाद हुई आतिशबाजी भक्तों के लिए मनमोहक दृश्य का केंद्र रहा। भजन संध्या में श्रद्धालु झूम उठे। भजन गीतों पर भक्त थिरकते हुए नजर आएं और देर रात तक कार्यक्रम का आनंद लिए। विश्व हिंदू परिषद कांकेर नगर की सत्संग प्रमुख माही रजक ने अपने 7 साल के उम्र में ही भजन गीत की प्रस्तुति के माध्यम से अपने कला के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए लोगो उत्साह बढ़ाया। विश्व हिंदू परिषद बाल संस्कार प्रमुख सरिता यादव मुख्य अतिथि की आसंदी के रूप में उपस्थित रही। वे विगत तीन वर्षो से जगदलपुर से भव्य गंगा महाआरती में सम्मिलित होकर कार्यक्रम का हिस्सा बन रही है। उन्होने कहा अपने जीवन को धन्य मानती हूँ। हम सभी सनातनी को एक होकर इस भगवा ध्वज के लिए कार्य करना है और आने वाली पीढ़ी, हमारे बच्चो को हमारी संस्कृति के साथ जुड़कर आने वाले भविष्य के बारे में सोचना है, तब जाकर हमारा हिंदू समाज संगठित होगा। मुख्य वक्ता बजरंग दल प्रांत सह संयोजक शुभम ने कहा कि आज हमारे समाज को जोड़ने के लिए प्रत्येक सप्ताह मन्दिर में जाकर सत्संग, आरती करे, अपने बच्चों को मंदिर में जाने के लिए प्रेरित करे और अपने राष्ट्र के प्रति अपने धर्म के प्रति सशक्त बनाए। गंगा महाआरती को सफल बनाने में अखिलेश चंद्रोल, भावेश आरदे, राजा साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, मुन्ना तिवारी, चिरंजीव चौहान, शीतला मंदिर के पुजारी पूरन माली, समरेश चौहान, चिराग सिन्हा, गोपाल पांडे, अशोक साहू, नीलकंठ साहू, भुवन सिन्हा, संतोष जोशी, महेन्द्र क्षत्रिय, महेश ठाकुर, खिलेश मंडावी, नीलकंठ सिन्हा, संतोषी दुर्गा, मोनिका रावते, कमाक्षा, दीपा शोरी व मातृशक्ति माताएं सर्व हिन्दू समाज उपस्थित रहें।

## 3 माह के बच्चे की मौत, स्वास्थ्य कर्मचारी पर लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



विकासखंड भानुप्रतापपुर के नारायणपुर गांव के एक 3 माह के बच्चे की मौत होने पर परिजनों ने स्वास्थ्य कर्मचारी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाना में अपराध दर्ज कराने को लेकर आवेदन सौंपा है। पुलिस ने शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया। भानुप्रतापपुर से लगे नारायणपुर ग्राम के नेहरू नगर निवासी शंकर चक्रवती ने बताया की अपने तीन माह की बेटी चित्रांशी को नियमित टीका लगाने आंगनबाड़ी केंद्र ले जाया गया, जहां स्वास्थकर्मी ने 3 माह की बच्ची को 9 माह के बच्चे का टीका लगा दिया, यह जानकारी खुद स्वास्थ्य कर्मचारी ने दी और कुछ नही होगा बोलकर घर भेज दिया गया। उसी दिन शाम से बच्चे की तबियत बिगड़ने लगी। उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर के निवास में ले जाकर दिखाया गया, लेकिन हालात गंभीर होने के कारण बाहर रेफर करने को कहा गया, जिसे उपचार के लिए बठेना अस्पताल धमतरी में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान 30 मार्च को मृत्यु हो गई। बठेना अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि खून में इंफेक्शन होने की बात कही।

परिजनों ने बच्ची की मौत हो जाने के बाद टीका लगाने वाले स्वास्थकर्मी के ऊपर लापरवाही का आरोप लगाया है और उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने भानुप्रतापपुर थाना में आवेदन दिया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम का निर्देश

▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### मिशन बिहान समूह की वार्षिक बैठक में शामिल हुए जिपं सदस्य जयलाल

**फरसगांव।** कोंडागांव जिले के फरसगांव क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोनगुड में सोमवार को क्षेत्र के छग राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन बिहान समूहों की वार्षिक आम सभा की बैठक हुई। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप के जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग पहुंचे हुए थे।बैठक में क्षेत्र की बिहान समूहो की महिलाओ की उपस्थिति में वार्षिक आम सभा पर होने वाले बातों पर चर्चा किया गया।इस दौरान ललित सलाम, उमाशंकर देहरी,ग्राम बोकरबेड़ा उपसरपंच संजय नाग सहित क्षेत्र के बिहान समूह की महिलाएं उपस्थित रहे।



### ईद पर अमन, शांति और तरक्की की मांगी दुआ

**जगदलपुर।** मुस्लिम समाज के द्वारा सोमवार को ईद का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थानीय ईदगाह में काफी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित हुए और विशेष नमाज अता की गई। सभी ने क्षेत्र में अमन शांति और तरक्की की दुआ मांगी। ईद के मुबारक मौके पर आल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन की जानिब से आज ईदगाह में ईदी के तौर पर कलम बाटी गई। प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी वसीम अहमद ने मीडिया से बात करते हुए समाज को एक संदेश दिया गया एक रोटी कम खाओ लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओ इस उद्देश्य के तहत आल मुस्लिम वेलफेयर फेडरेशन प्रदेश की जानिब से आयोजन किया गया था। इस दौरान विक्रम लहरे,सतीश वानखड़े,जिला उपाध्यक्ष परिसंघ के महेश्वर बघेल, मोहसिन खान, मोहम्मद साकिब खान,अब्दुल रशीद पवार, मोहम्मद यासीन गट्टू, फजरुद्दीन शरीफ, अमन शाह एजाज खान, इमरान खान, शाहरुख खान, बादशाह खान, ज़ाहिद हुसैन, सुभाष मेश्राम भीम आर्मी के पदाधिकारी गण एवं कई सामाजिक संगठनों सहित भारी संख्या लोग उपस्थित थे।

### लोहंडीगुड़ा का मिचनार बनेगा नया पर्यटन केंद्र

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस और सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन ने सोमवार को तहसील लोहंडीगुड़ा स्थित मिचनार हिल्स क्षेत्र का निरीक्षण किया। इसके साथ ही मिचनार हिल्स को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा किए। कलेक्टर ने ग्राम मिचनार में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत लाभार्थी के गृह प्रवेश में शामिल हुए और ग्राम मारडूम करलाकोंटा पारा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया । ग्राम मारडूम करलाकोंटा पारा में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही के निर्माणाधीन मकान का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम एम चन्द्रा, सीईओ जनपद पंचायत डी पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### पानी नहीं छोड़ने पर किसानों ने दी चक्काजाम की चेतावनी

**घाटलोहंगा।** पूर्व विधायक चंदन कश्यप के निवास में ग्राम मुंडागुड़ा, कुम्हली, फाफनी, मूरकुची, फरसागुडा, केशरपाल, सोरगांव,भानपुरी नाहारनी और बालिगुड़ा आदि ग्रामों के किसान पहुंचे और जल समस्या बताई।

# इंद्रावती नदी का सूखना: बस्तर के किसानों के सिर पर संकट की छाया: कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोण्ड

जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायत भोंड सरपंच जलंधर कश्यप ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अपने जीवनकाल में उन्होंने कभी भी इतनी बुरी स्थिति में इंद्रावती नदी को नहीं देखा। यह नदी कभी बस्तर क्षेत्र के किसानों, पशुपालकों, पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के लिए जीवनदाता रही है, लेकिन अब यह सुखकर बंजर भूमि में तब्दील हो गई है। सरपंच ने कहा, इंद्रावती नदी के तट पर बसे किसानों को पानी की आवश्यकता है। सैकड़ों किसान अपने खेतों में पानी आने की आस लगाए बैठे हैं, लेकिन अब पानी की कमी के कारण उनकी फसलें सूख रही हैं। पशु-पक्षी, पालतू जानवर और यहां तक कि मानव जीवन भी इस संकट से जूझ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि हाथ से चलने वाले पंप, बोरवेल और हैंड पंप के पानी के स्तर में निरंतर गिरावट देखी जा रही है। अब पानी लगभग 150 से 300 फीट नीचे चला गया है। ऐसे में कुछ ही दिनों में गांवों में पीने के पानी की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इंद्रावती नदी से जुड़े गांवों में शादी, धार्मिक अनुष्ठान, अंतिम क्रियाएं और अन्य अनगिनत सामाजिक कार्य इस नदी के पानी पर निर्भर हैं। लेकिन अब यह नदी सूख गई है, और किसानों के खेतों में बंजर भूमि का दृश्य देखने को मिल रहा है। सरपंच ने सरकार पर भी सवाल उठाते हुए कहा, सरकार कहती है कि किसानों की आय दुगुनी होगी, लेकिन यह कब होगा, जब किसान धूल और मिट्टी में लथपथ होकर अपने खेतों में काम करते हैं, तब कोई नेता या मंत्री उनकी परेशानी पर ध्यान नहीं देते।

**इंद्रावती का पानी सूखा, किसान प्यासे**



#### किसानों को राहत देने लिया जाए निर्णय



*यह स्थिति सरकार और स्थानीय प्रशासन के लिए गंभीर चेतावनी है। किसानों को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। जल संरक्षण, सिंचाई योजनाएं और जल स्रोतों के पुनरुद्धार के लिए सरकार को प्राथमिकता देनी चाहिए। अगर समय पर कार्रवाई नहीं की गई तो बस्तर क्षेत्र का यह जीवनदाता इंद्रावती नदी पूरी तरह से सूख जाएगी, जिससे किसानों के साथ-साथ पर्यावरण पर भी गंभीर असर पड़ेगा। अब सरकार को चाहिए कि वह किसानों की स्थिति को समझे और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए कदम उठाए।*

## पर्व : लोगों ने देश-प्रदेश की खुशहाली और अमन-चैन के लिए मांगी दुआ

# कोंडागांव में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद, निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोंडागांव में ईद उल फितर का त्यौहार धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से ईदगाह में नमाज अदा की और देश-प्रदेश की खुशहाली और अमन-चैन की दुआएं मांगी।

#### शांतिपूर्ण रैली का आयोजन

ईद के इस पावन मौके पर सुबह 8 बजे जमा मस्जिद से एक भव्य एवं शांतिपूर्ण रैली निकाली गई, जो ईदगाह तक पहुंची। इस रैली में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार को मनाया। रैली में शामिल लोगों ने धार्मिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

#### सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

इस मौके पर प्रशासन और पुलिस की ओर से पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया। जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ।



#### ईदगाह में विशेष नमाज और दुआएं

सुबह ठीक 9 बजे ईदगाह में विशेष नमाज अदा की गई। जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने भाग लिया। इस दौरान इमाम साहब ने तकरीर पेश की और सभी से आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। नमाज के बाद देश-प्रदेश की तरक्की, सुख-शांति और समृद्धि के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं।

#### आपसी भाईचारे का संदेश

ईद उल फितर के इस खास मौके पर पूरे कोंडागांव में आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता का नजारा देखने को मिला। हर वर्ग और समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे को बधाइयां दीं और मिठाइयों का आदान-प्रदान किया। इस दौरान बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया। कोंडागांव में ईद का यह त्यौहार न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक रहा, बल्कि यह सामाजिक एकता और सौहार्द का उदाहरण भी बना।

#### राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों की मौजूदगी

इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और समाजसेवी भी उपस्थित रहे। भाजपा और कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता कार्यक्रम में शामिल हुए और मुस्लिम समाज को ईद की शुभकामनाएं दीं। प्रमुख रूप से उपस्थित गणमान्यजनों में नगर पालिका अध्यक्ष नर सिंह पटेल,उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, संतोष पात्र, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, नव नियुक्त जिला अध्यक्ष बुद्ध राम नेताम, तरुण गोलछा, पूर्व जिला अध्यक्ष दिवान, रितेश पटेल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सभी ने मुस्लिम समाज के साथ मिलकर इस पावन पर्व की खुशियां साझा कीं और सौहार्दपूर्ण माहौल को बनाए रखने की अपील की।

# सिलाटी-बंजोड़ा सड़क मार्ग को मिली स्वीकृति

## ग्रामीणों ने विधायक के प्रति जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

कोंडागांव जिले के केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम के प्रयासों से सिलाटी/बंजोड़ा क्षेत्रवासियों को सड़क निर्माण कार्य की सौगात मिली है। छत्तीसगढ़ लोक निर्माण विभाग के द्वारा वर्ष 2024-25 के बजट में इस सड़क को शामिल करते हुए सिलाटी से जामगांव-बंजोड़ा तक 5.25 किलोमीटर की सड़क के निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति दे दी है। यह मार्ग बंजोड़ा क्षेत्र के लोगों के लिए वर्षों पुरानी मांग थी, जो अब पूरी हो गई है।

बता दें कि विगत दिनों केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने क्षेत्र का दौरा किया और लोगों को आश्वासन दिया कि छह महीने के भीतर यह मार्ग बन जाएगा। बजट 2024-2025 में इस मार्ग को प्रमुखता से रखा गया और 5.25 किलोमीटर लंबे मार्ग के लिए 5,56,24000 रुपये की स्वीकृति मिली है। क्षेत्र के लोगों ने विधायक के अथक प्रयासों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

#### इन लोगों का रहा योगदान

इस उपलब्धि में क्षेत्र के जनपद अध्यक्ष नंदनी पोटाई, रमेश यादव, संतोष कुमार सिन्हा, धनोरा राम यदु, राम यदु, श्रवण दीपक, धरमसिंह राणा, राकेश पोटाई, मुकुंद पांडेय, हिरऊ शोरी, बादराय पोटाई, मुकेश नाग, विवेकानंद मरकाम, जगन्नाथ नाग, अजय मिश्रा, अशोक नेताम, संदीप यादव, अमृता यादव, तमराज यादव जी सहित कई अन्य लोगों का योगदान रहा है।

# बाबा साहब जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ सर्व अनुसूचित जाति समाज के प्रमुखों की बैठक में तय की गई रूपरेखा

सर्व अनुसूचित जाति वर्ग बस्तर जिला के तत्वावधान में 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉं भीमराव अंबेडकर 134 वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। जिसकी तैयारी को लेकर रविवार को लालबाग मैदान स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर बैठक हुई। बैठक में सर्व समाज के प्रमुखो के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर कार्यक्रम को सफल बनाने एवं बाबा साहेब की जयंती धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।

सर्व अनुसूचित जाति समाज जिलाध्यक्ष विक्रम लहरे ने कार्यक्रम कि रूपरेखा के संबंध में बताया डॉक्टर अंबेडकर जी के स्मृति चिह्न में सुबह 10 बजे से पुष्प माला अर्पण कर उनके भारतीय संविधान कि प्रस्तावना पढ़कर उनके विचारो को यादकर नमन किया जायगा। साथ ही 12 बजे से बाबा साहेब जी जीवनी एवं अतिथियों का संबोधन होगा, ताकि वे संविधान के प्रति समाज को उन्नति कि ओर ले जा सके। ततपश्चात दोपहर 3:50 बजे नगर में रैली निकाली जाएगी। जिसमें भारी संख्या में बाबा साहेब जी के अनुयाई जो समूचे बस्तर जिला के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग आदि सभी वर्ग के लोग मिलकर झाँकी के साथ शोभायात्रा में सम्मलित होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सीनियर एवं युवा, महिलाएं सभी को मिलाकर एक कमेटी आगामी दो दिन बाद तैयार किया जायेगा। इस दौरान माहरा समाज के अध्यक्ष राजू बघेल, भीम आर्मी संभागीय अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष अध्यक्ष, सर्व अनुसूचित जाति वर्ग के जिला प्रवक्ता सुभाष मेश्राम, सतनामी समाज शहर जिला उपाध्यक्ष हेमंत ओगर, घासी समाज से प्रदीप भारती, आदिवासी समाज से अशोक बघेल, मुस्लिम समाज से मोहसिन खान एवं सभी समाज के लोग उपस्थित रहे।

वहीं परिसंघ के जिलाध्यक्ष सतीश वानखड़े ने कहा कि मंगलवार को भीम आर्मी के संभागीय अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में बाईक रैली निकाली जाएगी। वहीं बौद्ध समाज के अध्यक्ष पीडी मेश्राम ने हम सभी समाज के लोग कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।



#### 14 अप्रैल को भव्य झांकी निकाली जाएगी

सतनामी समाज के अध्यक्ष देवराज खूंटे ने कहा 14 अप्रैल को बाबा भीम राव अंबेडकर जी की झांकी सतनामी समाज द्वारा बनाया जायेगा। जो सतनाम भवन से सतनामी के भारी संख्या में उपस्थित होकर रैली के रूप में पहले नयामुंडा में बाबा भीम राव अंबेडकर के प्रतिमा स्थल में पुष्प माल्यार्पण कर लाल बाग मैदान स्थित मुख्य कार्यक्रम में एकत्रित होकर भव्य रैली नगर भ्रमण किया जायगा। इस कार्यक्रम में सभी समाज कि भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी जो भाई चारा एकता के साथ बड़े धूमधाम से जयंती बनाया जायगा।

# स्थानांतरण पर न्यायाधीशों को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश के परिपालन में इस न्यायिक जिला स्थापना में पदस्थ न्यायाधीशगणों के स्थानांतरण पश्चात उनकी विदाई कार्यक्रम जिला न्यायालय परिसर में आयोजित किया गया। इस न्यायिक जिला स्थापना के कर्मचारी संघ द्वारा स्थानांतरित न्यायाधीशगणों को समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति में उन्हें पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया, साथ ही उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार ठाकुर द्वारा सभी कर्मचारियों को एक-दूसरे के सहयोग से कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया तथा अन्य स्थानांतरित न्यायिक अधिकारी द्वारा दोबारा बस्तर जिले में कार्य करने हेतु अपनी इच्छा व्यक्त की गई। कार्यक्रम का आयोजन राकेश तिवारी अध्यक्ष तृतीय वर्ग जिला कर्मचारी संघ द्वारा मंच संचालन कर की गई। विदाई कार्यक्रम में सभी न्यायाधीशगण एवं समस्त न्यायिक जिला शाखा के कर्मचारीगण उपस्थित थे। विदित हो कि उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार ठाकुर का स्थानांतरण उच्च न्यायालय बिलासपुर के रजिस्ट्रार विजिलेंस के पद पर की गई है, इसी प्रकार परिवार न्यायालय के न्यायाधीश राजीव कुमार का स्थानांतरण परिवार न्यायालय मुंगेली में तथा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी गिरीश पाल सिंह का स्थानांतरण जिला स्थापना रायपुर में किया गया है। विदाई कार्यक्रम में मनीष कुमार ठाकुर प्रधान न्यायाधीश जिला एवं सत्र न्यायाधीश, राजीव कुमार न्यायाधीश परिवार न्यायालय, सुश्री संघरत्ना भतपहरी जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, रूप नारायण पठारे जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जितेंद्र प्रधान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गिरीश पाल सिंह व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, कु. अंकित कश्यप सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्राधिकरण एवं राहुल सराफ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### मचांदुर खदान से...

के निशान जरूर नजर आ रहे थे। उसी ईलाके में कुछ ग्रामीणों ने बताया कि खनिज विभाग ने चैन माउंटेन को सील किया था, उसमें कई जगह की चैन माउंटेन गायब हो गई है। ग्रामीणों की मानें तो कम से कम 5 चैन माउंटेन गायब है, इसकी पुष्टि खनिज विभाग ही कर पाएगा।

### चांद के दीदार...

मदद करना है। इसके साथ ही मुफ्ती ने पढ़ाई पर जोर देते कहा बच्चों को ज्यादा से ज्यादा पढ़ाई। अच्छी तालीम देकर उन्हें अच्छे बड़े पदों पर बैठाएं। सिस्टम का हिस्सा बनाए। इस दौरान ईदगाह में बड़े पैमाने पर समाज के लोग पहुंचे तथा ईद की नमाज अदा की।

### मुंगवाल में टंगिया...

हो गई। पुलिस घटना के बारे में पतासाजी करके हत्या करने का सुराग पता लगा रही है। बैगा को शक के आधार पर कई घटनाएं ग्रामीण ईलाको में इसलिए हुई है कि उनको शक रहता था कि हमारे परिवार के लिए कुछ कर दिया है, उसी शक में कई गांव में बैगा की हत्याएं हो चुकी है। थाना प्रभारी जितेंद्र गुप्ता का कहना है कि सबूत एकत्र किए जा रहे है और यह पतासाजी किया जा रहा है कि बैगा कि किसी से दुश्मनी या विगत समय किसी से विवाद हुआ है, इसके अलावा अन्य कई विंदुओं पर जांच जारी है। पुलिस का मानना है कि जल्द मामले का खुलासा हो जाएगा।

### मीटर से छेड़छाड़...

अपने बयान में उक्त व्यवसायिक परिसर को शुभम कुण्डू पिता सुधीर कुण्डू को किराया में देना बताया गया। जाँच टीम ने घटना की जानकारी पखांजुर थाना को दिया गया और उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### 3 माह के बच्चे...

देते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। भानुप्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लापरवाही के मामले में हमेशा विवादों में घिरा रहता हैं। लापरवाही और अव्यवस्था के मामले बढ़ते ही जा रहे है प्रशासन द्वारा सुधार के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

भानुप्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉं. अखिलेश ध्रुव से बात किया गया तो उन्होने जानकारी दिया कि शिशु के डेढ़ महीने के बाद से डेढ़ साल तक के बच्चे का टीका एक ही प्रकार का होता है। टीकाकरण से यदि कोई प्रभाव होता तो उसी दिन मृत्य हो सकती थी, जिस बच्चे की मौत हुई है उसकी तबीयत ठीक नहीं थी, उसे दस्त की शिकायत थी।

# दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में हुआ भूमि सुपोषण अनवरत जन अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ विभिन्न पवित्र स्थलों से लाई गई मिट्टी को एकत्र कर विधिविधान से की गई पूजा-अर्चना

भूमि के प्रति श्रद्धा जागृत करने और उसके संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए बीते कल रविवार को भूमि सुपोषण अनवरत जन अभियान का शुभारंभ मां दंतेश्वरी मंदिर के प्रांगण में हुआ। इस अभियान में अक्षय कृषि परिवार,सर्व हिन्दू समाज, पतंजलि योग समिति, 360 आरण्यक ब्राह्मण समाज और मातृशक्ति तथा परिवारजनों का विशेष योगदान रहा।

इस अभियान की शुरुवात भूमि के प्रति आदर भाव जागृत करने के लिए विधिवत भूमि पूजन के साथ हुआ। जिसमें विभिन्न पवित्र स्थलों से लाई गई शुद्ध मिट्टी को एकत्र कर इसकी विधिपूर्वक पूजा की गई। इसके बाद सामूहिक आरती की गई और पूजित मिट्टी को प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं से इस पवित्र मिट्टी को तुलसी पौधे या पूजा स्थल पर स्थापित करने के साथ भूमि संरक्षण का संदेश फैलाने का आग्रह किया गया। विदित हो भूमि सुपोषण अनवरत अभियान समिति के राज्य समन्वयक तुषार पाणिग्रही ने बताया कि यह अभियान देशभर में संचालित किया जा रहा है।



#### 3 अप्रैल को विशेष आयोजन

पाणिग्राही ने बताया गया कि अभियान के अगले चरण में आगामी 3 अप्रैल को शांति नगर में स्थित मां दुर्गा मंदिर में विशेष आयोजन रखा गया है।उक्त आयोजन में भूमि सुपोषण अनवरत जन अभियान से जुड़े सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित करते हुए उनसे स्वच्छ वस्त्र में मिट्टी लेकर आने के साथ इस पावन अभियान में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

#### अभियान माहभर तक रहेगा जारी

तुषार पाणिग्रही ने बताया कि यह अभियान पूरे प्रदेश में एक माह तक अनवरत जारी रहेगा।जिससे अधिक से अधिक लोगों को भूमि संरक्षण के प्रति जागरूक हो सके. यह उत्कृष्ट प्रयास भविष्य में समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा और धरती माता की सेवा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।इस दौरान सर्व हिन्दू समाज के धर्मचंद शर्मा, देवेश पाणिग्रही,जगमोहन पांडे, और मातृशक्ति से ज्योति, निशा फाउंडेशन, विश्व हिंदू मातृशक्ति समिति सहित अनेक सनातनी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मद्देड़ में महा गृह प्रवेश महोत्सव मनाया गया



**मद्देड़।** ग्राम पंचायत नयापारा मद्देड में चैत्र नवरात्रि व गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मोर आवास मोर अधिकार महा गृह प्रवेश महोत्सव मनाया गया है। हितग्राही सत्यवती कोण्ड्रा के द्वारा पूजा अर्चना कर गृह प्रवेश किया गया। जिसमें मुख्य रूप में जनपद पंचायत साईओ दिलीप कुमार उइके, जनपद पंचायत सदस्य सरस्वती सांड्रा, ग्राम पंचायत सरपंच सारदा सांड्रा, उपसरपंच सीएच श्यामबाबू व ग्राम पंचायत के वार्ड पंच उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर का आयोजन



**बस्तर।** सेक्टर कोलचुर के ग्राम पंचायत कविआसना में शनिवार को मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गंभीर कुपोषित एवं संकटग्रस्त बच्चों का स्वास्थ्य जांच कराया गया। चिकित्सक के द्वारा गंभीर बच्चों के स्वास्थ्य जांच के साथ ही उन्हें संकटग्रस्त बच्चों को एनआरसी रिफर भी किया गया। तथा सेक्टर सुपरवाइजर विद्या ठाकुर द्वारा बच्चों के माता-पिता को बच्चों के नियमित पोषण युक्त खान-पान पर विशेष ध्यान देने तथा स्वच्छता एवं बच्चों के संपूर्ण टिकाकरण समय से कराने की समझाइश दी गयी । शिविर में सेक्टर के कुल 32 बच्चों का स्वास्थ्य जांच किया गया।

### विदाई समारोह में छलके भावनाओं के मोती



**भोंड।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में पुरस्कार वितरण समारोह और कक्षा 12वीं के छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इन दोनों अवसरों पर विद्यालय में उल्लास और भावनात्मक माहौल देखने को मिला। विद्यालय में शिक्षा सत्र के प्रारंभ में ही छात्राओं को चार समूह सत्यम, शिवम, सुंदरम एवं मधुराम में विभाजित किया गया था। पूरे वर्ष आयोजित शनिवारीय कार्यक्रमों, महापुरुषों की जयंती एवं महत्वपूर्ण ऐतिहासिक दिवसों से जुड़ी प्रतियोगिताओं में विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को समारोह में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच जयंती नेताम एवं उप सरपंच मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। उन्होंने विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर प्रोत्साहित किया और कहा कि शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना भविष्य के लिए बहुत जरूरी है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। पुरस्कार वितरण का संचालन व्याख्याता मीनाक्षी पांडे एवं ऋचा गौरखेड़े ने किया। प्राचार्य एआर नोनहारे ने छात्राओं को बधाई देते हुए अतिथियों का आभार प्रकट कर कार्यक्रम का समापन किया।

**आयोजन : ग्रामीणों के लिए की गई थी भोजन व्यवस्था**

# सुरक्षा बल ने जरूरतमंद नागरिकों को कृषि यंत्र व साइकिल का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड़




बीजापुर जिले के मोदकपाल थाना क्षेत्र अन्तर्गत केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल छत्तीसगढ़ राज्य के विकास हेतु नक्सल मुक्त अभियान का संचालन पूर्ण प्रतिबद्धता तथा समर्पण के साथ वर्षों से करती आ रही है।

इसके साथ ही आम नागरिकों के प्रति मानवीय एवं संवेदनशील रवैया अपनाते हुए उनके दिलों को स्पर्श करने की भी मुहिम में जुटी हुई है। ऐसे ही एक अभियान के अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल छतीसगढ़ के निर्देशन में 5/22 वीं बटालियन ने 30 मार्च को मोदकपाल थाना अंतर्गत तुनकी गुट्टा, भट्टीगुडा, फरसापल्ली एवं पुसगुडी ग्रामीणों के लिए सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। ई/22 वीं बटालियन के कमाण्डेंट मोहित कपूर के कुशल नेतृत्व में संजीव कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, पंकज कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, प्रेम कुमार सिंह, सहा. कमाण्डेंट, निरीक्षक जीडी महावीर प्रसाद मीणा, सहा. उपनि खाटेकर काशीनाथ, मोदकपाल थानाध्यक्ष, निरीक्षक आकाश कुमार द्वारा फरसापल्ली, भट्टीगुडा, पुसगुडी इत्यादि गांव के नागरिकों पुरुष, महिला, बुजुर्गों तथा स्कूल के बच्चों को स्कूल ड्रेस, बैग तथा खेल एवं मनोरंजन का सामान व साईकिल वितरित किया गया। इसके आलावा आस-पास के ग्रामीणों को आम जरूरत का सामान जैसे साडी, चप्पल, लुगी, गमछा कंबल घरेलू बर्तन, कुदाल, गैंती, पानी की टंकी, टेलीवीजन, सोलर लैंप आदि वितरित किया गया। सिविक एक्शन प्रोग्राम में आये हुए सभी ग्रामीणों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गाँवों के सरपंच, थानाध्यक्ष के साथ-साथ ई/ 22 वीं वाहिनी के कमांडेंट उपस्थित रहे।

खेल-कूद, स्कुल ड्रेस, बैग व स्टेशनरी का सामान पाकर जहाँ बच्चे काफी उत्साहित थे वही महिलाएं एवं बुजुर्गों के चेहरों पर भी संतोष तथा खुशी की लहर देखी गई। कार्यक्रम में आये सभी लोगों और जनप्रतिनिधियों ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल तथा ई/ 22 वीं वाहिनी के प्रति आभार जताया। उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणों, विशेषकर युवाओं को उनकी समस्याओं के समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए इसे महान बल का सदस्य बनने के लिए प्रोत्साहित किया।

## विधायक अटामी पीएम आवास के गृह प्रवेश में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी ग्राम पंचायत घोटपाल पहुंचे, हितग्राही जब्बो बाई लेकामी एवं कमलू के प्रधानमंत्री आवास का उद्धघाटन कर गृहप्रवेश में शामिल हुए और ख़ुशी के पल साझा किये।

विधायक चैतराम अटामी ने हितग्राहियों को देवी देवताओं की स्मृति चिन्ह भेंट कर नये आवास की शुभकामनाये प्रेषित किया। विधायक चैतराम अटामी ने इस दौरान ग्राम वासियों से भी मुलाकात कर कुशलछेप जाना, उन्हें केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु केंद्र व राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। विधायक ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना था हर गरीब को पक्का मकान मिले जिसे विष्णुदेव साय सरकार पूरा कर रही है।

ग्रामीणों को पक्का मकान, शुद्ध पेय जल, शौचालय, गैस कनेक्शन तो किसानों को बोर वेल एवं तार फेंसिंग, किसान सम्मान निधि और महिलाओ को महतारी वंदन योजना जैसे अनेको जनकल्याणकारी योजनाए और बिना भ्रष्टाचार के उनके सफल क्रियान्वयन सीधे पैसे हितग्राही के खाते में पहुँचाने का कार्य सिर्फ मोदी और विष्णुदेव की सरकार कर रही है।

## ईद उल फितर की नमाज अता अमन-चैन की दुआ मांगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

रहमतों व बरकतों का माह रमजान के पुरे रोजों के बाद आज ईद उल फितर की नमाज को कोण्टा नगर के ईदगाह में अदा की गई। यहां ईद की नमाज मौलाना जुल्फिकार अहमद ने अदा कराई। ईद उल फितर की नमाज अदा करने के बाद सभी मुस्लिम भाईयों ने दुनिया के तमाम इंसानों की भलाई तथा हर बीमारियों व भलाओं से महफूज रखने एवमं अमन-चैन की दुआ मांगी।

ज्ञात हो कि मुस्लिम समुदाय के पाक मुकद्दस महिना रमज़ान की शुरुआत दो मार्च से हुई थी और मुस्लिम भाईयों द्वारा जकात सदका फितरा खैर खैरात के महत्व को अदा करते हुए, खुदा की इबादत रोजा उपवास रखकर खास तरावीह की नमाज अदा कर ईद उल फितर का त्यौहार मनाया गया और देश में भाईचारा और बस्तर मे शांति बहाली की माँगी दुआ।

इस अवसर पर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के इंतेज़ाम किए गए थे जिसके लिये मुस्लिम समाज ने पुलिस प्रशासन आभार व्यक्त किया गया। वहीं इस अवसर पर सभी मुस्लिम समाज के भाईयों ने एक दुसरे से गले मिलते हुए ईद की मुबारकबाद दी । साथ ही कोण्टा बस स्टैंड परिसर में मुस्लिम समुदाय के युवाओं ने यात्रीगणों व नगर वासियों को सेवाई बांटकर ईद उल फितर को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

## एकल अभियान के तहत 5 दिवसीय प्राथमिक शिक्षा आचार्य अभ्यास वर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



एकल अभियान अंचल बैलाडिला के तत्वाधान में 5 दिवसीय प्राथमिक शिक्षा आचार्य अभ्यास वर्ग लगाया गया, जिसका विधिवत समापन सोमवार को हुआ। यह अभ्यास वर्ग नगर के कतियाररास के शुभ लग्र वाटिका भवन में आयोजित किया गया था जिसमें बैलाडिला अंचल क्षेत्र के बालुद, रोंजे, बड़े तुमनार, जावंगा, बारसूर एवं बडे गुडरा से आचार्य दीदी एवं भईया अभ्यास वर्ग में शामिल होने उपस्थित हुए थे। अभ्यास वर्ग 26 मार्च से प्रारंभ होकर 31 मार्च तक चला । इस अभ्यास वर्ग में करीब 50 आचार्य उपस्थित हुए जिसमें 35 महिला आचार्य एवं 15 पुरूष आचार्य शामिल रहे।

गौरतलब है कि एकल अभियान के तहत गांव-गांव में एकल विद्यालय का संचालन किया जाता है। एकल अभियान के तहत हर वर्ष समय-समय पर नवीन एवं पुराने आचार्यो का अयास वर्ग भी लगाया जाता है। इसी कड़ी में दंतेवाड़ा जिले में संचालित एकल अभियान अंचल बैलाडिला के तत्वाधान में पांच दिवससीय प्राथमिक शिक्षा आचार्य अभ्यास वर्ग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आचार्यो को प्रशिक्षण देने वाले पूर्णकालिक आयतूराम मंडावी ने जानकारी देते बताया कि एकल के 5 प्रमुख आयाम होते हैं। अभ्यास वर्ग में आचार्यो को बच्चों को विद्यालय में कैसे पढ़ाया जाए, शिक्षा, संस्कार, पंचमुखी शिक्षा के साथ-साथ एक शिक्षा बच्चों के लिए तो चार शिक्षा गांव वालों के लिए की थीम पर अभ्यास करवाया जाता है। जिसमें प्राथमिक शिक्षा, आरोग्य शिक्षा, जागरण शिक्षा, ग्राम विकास, भारतीय संस्कृति, संस्कार शिक्षा के संबंध में बताया जाता है साथ ही बच्चों को बालगीत के माध्यम से पढन्ना, खेलना, गिनती, लिखना बोलना समेत व्यायाम योग आदि का प्रशिक्षण भी आचार्यो को दिया गया। रविवार को अभ्यास वर्ग के 5वें दिन गुड़ी पड़वा एवं हिदु नव वर्ष के उपलक्ष्य में शाम को अभ्यास वर्ग परिसर को रंगोली से सजाया गया। आराय देव भगवान श्रीराम के मूर्ति के समक्ष दीप प्रावलित कर आरती वंदना की गई। तदोपरांत उपस्थित आचार्यो द्वारा भजन कीर्तिन का भी गायन कर नव वर्ष को धूमधाम के साथ मनाया गया। आज सोमवार को अभ्यास वर्ग का विधिवत समापन किया गया। सुशीला नाग छग संभाग महिला प्रमुख एवं जागेश्वर सिहा ग्राम विकास प्रमुख ने भी प्राथमिक अयास वर्ग में आचार्यो को प्रशिक्षण दिया।

## पीएम मोदी की 33700 करोड़ की सौगात से प्रगति का नया अध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी विरेश मिश्रा ने कहा कि नवरात्रि और नववर्ष के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ को कई सौगातें दी है जिसके लिए हम उनका आभार व्यक्त करते हैं। छत्तीसगढ़ के 3 लाख गरीब परिवारों ने अपने नए घरों में प्रवेश किया। यह अवसर प्रदेश के विकास और प्रगति का प्रतीक बनकर आया है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के लिए 33,700 करोड़ रुपये से अधिक की बहुआयामी परियोजनाओं का शुभारंभ किया, जिससे प्रदेश में अधोसंरचना, ऊर्जा, शिक्षा, और जनकल्याण के क्षेत्र में नए आयाम जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मां महामाया की पावन भूमि से कई प्रोजेक्ट्स लॉन्च किए। 2 लाख से अधिक घरों तक पाइप के माध्यम से गैस आपूर्ति होगी। शिक्षा क्षेत्र में रायपुर में विद्या समीक्षा केंद्र की शुरुआत हुईं। 12,000 से अधिक आधुनिक पीएमश्री स्कूलों की स्थापना छत्तीसगढ़ के 29 जिलों में 130 पीएमश्री स्कूलों की सौगात मिली। आवास और जनकल्याण के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 लाख लाभार्थियों का गृह प्रवेश। 18 लाख घरों के निर्माण का संकल्प। हर घर में सोलर पैनल के लिए 70-80 हजार रुपये की सहायता। प्रधानमंत्री की इन ऐतिहासिक परियोजनाओं से छत्तीसगढ़ के आदिवासी और औद्योगिक क्षेत्रों में नए अवसर और विकास की संभावनाएं उजागर होंगी। ऊर्जा, परिवहन, शिक्षा और अधोसंरचना के इन प्रयासों से प्रदेश का आर्थिक और सामाजिक ताना-बाना और मजबूत होगा। यह दिन छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ नागरिकों के लिए गर्व और उल्लास का विषय है। प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि और संकल्प के कारण प्रदेश प्रगति के नए पथ पर अग्रसर हो रहा है। छत्तीसगढ़ के विकास में मिले इस अभूतपूर्व योगदान के लिए हम आदरणीय प्रधानमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

उनके दूरदर्शी नेतृत्व और मजबूत नीति से प्रदेश में नई ऊर्जा का संचार हुआ है, जिससे 'विकसित छत्तीसगढ़' के सपने को साकार करने की दिशा में हम तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं।

## स्थानीय खेलों को दिया जा रहा है बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड



फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत माय भारत नेहरू युवा केंद्र जगदलपुर द्वारा जिला स्तरीय खेलकूद का आयोजन बकावंड में किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य अनिल कुमार बिसाई, पीताम्बर कश्यप, बुधराम, डमरू कश्यप , संतोषी गायकवाड़ और पुलिस विभाग के कर्मचारियों ने युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा किए जाने वाले 10 मुख्य कार्यों में फिट इंडिया मिशन भी शामिल है। इसके अंतर्गत प्रतिवर्ष युवा मंडलों के सहयोग से विकासखंड, जिला और राज्य स्तर पर स्थानीय खेलों का आयोजन किया जाता है। विकासखंड स्तर पर विजयी प्रतिभागी जिला स्तरीय आयोजन में सम्मिलित हुए।

**युवाओं को मिली खेल सामग्री**

विकासखंड स्तर पर चयनित दलों को खेल किट एवं जिला स्तर प्रतियोगिता में विजयी हुए प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह वह प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में युवा मंडल के देवेश यादव, दिलमन यादाव, निरंजन, डॉली, मालती समेत पचासों युवक युवतियां शामिल रहे।

समूह खेलों के अंतर्गत कबड्डी, रस्साकशी, रिले रेस एवं एकल खेलों में गोलाफेंक, तवा फेक एवं 100 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता हुई।

इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से स्थानीय खेलों को बढ़ावा मिलता है। साथ ही यह युवाओं के शारीरिक मानसिक विकास में सहायक होता है। युवाओं को हमेशा खेल खेलते रहना चाहिए।

### मांग जब तक पूरी नहीं होगी तब तक डटे रहेंगे

**करपावण्ड।** प्रदेश पंचायत सचिव संघ के निर्णयानुसार एक सूत्रीय मांग शासकीय नौकरी को लेकर 17 मार्च विधानसभा घेराव एवं 18 मार्च से प्रदेश के समस्त ब्लॉक मुख्यालयों में लगातार अनिश्चित कालीन हड़ताल करते आ रहे है। शासन प्रशासन द्वारा दबाव बनाने के लिए पूर्व में भी 24 घंटे का कार्य पर लौटने हेतु दमनात्मक आदेश जारी किया गया था, जिसे प्रदेश के समस्त ब्लॉक मुख्यालय में धरना स्थल पर आदेश की प्रति को जलाकर विरोध किया गया। पश्चात शासन प्रशासन द्वारा शासकीय करण करने हेतु पांच सदस्यीय समिति गठित कर कहां जा रहा है कि लोग का काम हो जाएगा ऐसा कहकर आश्वासन दिया जा रहा है परंतु प्रदेश सचिव संघ द्वारा निर्णय लिया गया कि जब तक सचिवों का शासकीयकरण का आदेश नहीं होता अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया गया। सचिव संघ जनपद पंचायत बकावंड के समस्त ग्राम पंचायत के सचिव डटे हुए हैं।

## स्वास्थ्य शिविर से सैकड़ों ग्रामीण लाभांवित, घरेलू सामग्री भी मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



नगर पंचायत दोरनापाल क्षेत्र में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या मे ग्राम सुभाष नगर, दोरनापाल, कामापेदागुड़ा, कुम्हारपदर, देवरपल्ली, खासपारा, फायदागुड़ा एवं स्कूलपारा के ग्रामीण ने 131वीं बटालियन की जी कम्पनी के कैम्प दोरनापाल में पहुंच इसका लाभ लिया गया। सीआरपीएफ 131 वीं बटा. के कमांण्डेट दीपक कुमार साहु के मार्गदर्शन में सहा.कमाण्डेन्ट संजय कुमार ने जी कम्पनी की टीम के साथ प्रोग्राम का आयोजन कर ग्रामीणों को जरूरत का सामान जैसे साइकिल, वाटर टैंक, स्मार्ट एलईडी टीवी, बुजुर्गों के लिए कम्बल, लुंगी, गमछा, स्कूल छात्रों के लिए नोटबुक व खेल सामग्री, महिलाओं के लिए साड़ी, घरेलू बर्तन पतीला कढ़ाही इत्यादि वितरित किया। साथ ही डॉक्टर दर्शप्रीत सिंह चिकित्सा अधिकारी द्वारा ग्रामीणों के चिकित्सा हेतु मेडीकल कैम्प लगाया गया। जिसमें ग्रामीणों का सामान्य स्वास्थ्य चैकअप, महिलाओं, पुरूष व बच्चों का उचित ईलाज कर आवश्यक दवाईयों का वितरण किया गया। साथ ही साथ मलेरिया से बचने के उपाय व सही वक्त पर ईलाज की सलाह डॉक्टर के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामीणों के लिए भोजन का भी प्रबंध किया गया। ज्ञात हो कि दोरनपाल थाना क्षेत्र का देवरपल्ली, कुम्हारपदर, कामापेदागुड़ा, नागलगुण्डा गांव कभी नक्सलियों का सुरक्षित ठिकाना माना जाता रहा है इस इलाके में चौबीसों घंटे नक्सलियों की मौजूदगी रहती थी । लेकिन जब से दोरनापाल में सीआरपीएफ का कैम्प स्थापित किया गया है उसके बाद से सीआरपीएफ के जवानों और अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की बैठक लेकर उन्हें विश्वास दिलाया गया कि सुरक्षाबलों की तैनाती आपके गांव के विकास और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए की गयी है।

इसके बाद ग्रामीणों और सुरक्षाबलों के बीच बेहतर संबंध स्थापित हुआ है। उक्त प्रोग्राम के तहत केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजना के बारे में भी ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दिया गया और सीआरपीएफ अधिकारियों द्वारा विकास कार्यों को करवाने ग्रामीणों की सुरक्षा एवं उनकी समस्याओं का समाधान सदैव करने का ग्रामीणों को विश्वास दिलाया गया।

## खोजो खेलो जीतो स्पर्धा में महिलाओं ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



ओसवाल जैन श्वेतांबर समाज के बैनर तले तेरापंथ परिवार के द्वारा खोजो खेलो जीतो कार्यक्रम कराया गया। जिसमें 16 ग्रुप ने भाग लिया प्रत्येक ग्रुप में चार-चार मेंबर थे। यह गेम एंटरटेनमेंट के साथ-साथ धार्मिक ज्ञान की वृद्धि कराने वाला गेम था, यह चार राउंड में खेला जाने वाला गेम था। हर राउंड के बाद आधे ग्रुप अगले राउंड में गए अंत में दो ग्रुपों में फाइनल गेम खेला गया। फर्स्ट राउंड ट्रेजर हेंड, सेकंड राउंड बिखरे मोती पिरोएं, थर्ड राउंड डम सिराज ,फोर्थ राउंड ग्रुप एक्ट का था। सभी ग्रुप को दो-दो बार मौका दिया गया। ऑडियंस के लिए भी इनाम जीतने का सुंदर मौका था। सभी प्रतिभागियों ने अच्छा प्रयास किया। कार्यक्रम का संचालन भारती लोढ़ा व सुमित लोढा ने किया।

**इन्होंने लिया भाग**

भारती लोढ़ा, प्रेक्षा लोढ़ा दीक्षा तातेड़, मौली भंडारी कल्पना तातेड़, सीमा सालेचा संगीता बैद,रचना बैद, भारती बैद, गुणमाला कागोत रेखा कागोत, अनु कागोत अर्चना तातेड़, पिंकी लुंक्कड़, मंजू जैन शिल्पी जैन प्रियल सालेचा,चाहत भंडारी सुमित लोढ़ा शुभम तातेड़ एकांश तातेड़ एवं सुमित बैद भाग लिए।

HEALTH TOWN
K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### अभाविप ने बच्चों के साथ मनाया हिंदू नववर्ष

**जगदलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (एबीवीपी) जगदलपुर इकाई ने इस बार हिंदू नववर्ष के अवसर पर बच्चों के साथ विशेष रूप से उत्सव मनाया। इस कार्यक्रम का आयोजन बस्तर जिले के तोकापाल ब्लॉक में किया गया, जिसमें बच्चों के साथ नववर्ष की खुशी साझा करने के लिए धार्मिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गौ माता की सेवा से हुई। उसके बाद बच्चों के साथ मिठाइयाँ बाँटी गईं और उन्हें नववर्ष के इस पावन अवसर पर शुभकामनाएँ दी गईं। साथ ही, बच्चों को टीका लगाकर, मिठाई, कलावा और धागा बांधकर नववर्ष के प्रतीकात्मक पहलुओं से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और बस्तर विभाग की छात्र प्रमुख कमला मौर्य के नेतृत्व में आयोजन किया गया। कमला मौर्य ने कहा कि ₹हिंदू नववर्ष न केवल नए आरंभ का प्रतीक है, बल्कि यह हमें अपने सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं को याद करने का भी अवसर प्रदान करता है।₹ उन्होंने बच्चों को अपने जीवन में सदाचार और शिक्षा के महत्व के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में स्थानीय लोग, छात्र-छात्राएँ, और माता-पिता भी शामिल हुए। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे वातावरण हर्षोल्लास से भर गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में सांस्कृतिक जागरूकता और नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। इस दौरान कमला मौर्य, पदमा मौर्य, तुलसी बघेल, रगनाथ मौर्य एवं अन्य उपस्थित थे।

### उत्कल दिवस पर भव्य शोभायात्रा आज

**जगदलपुर।** 1 अप्रैल को उत्कल दिवस पर उत्कल समाज द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकलेगी। शोभायात्रा में छोटे-छोटे बच्चों की जीवंत झांकी आकर्षक का केंद्र रहेगा। समाज के कार्यकारी अध्यक्ष नरसिंग तिवारी ने बताया 1 अप्रैल की शाम 5 बजे ब्राम्हण पारा स्थित उत्कल भवन से भव्य शोभायात्रा निकलेगी। जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस उत्कल भवन पहुंचेगी। उन्होंने बताया शोभायात्रा के प्रथम पंक्ति में वाहन पर समाज के आराध्य देव भगवान जगन्नाथ जी का विशाल छायाचित्र रहेगा। जबकि पीछे वाहन में छोटे-छोटे बच्चों की जीवंत झांकी चलेंगी। जिसमे बच्चे भगवान राम,सीता हनुमान एवं राधा-कृष्ण का वेश धारण करेंगे। भव्य शोभायात्रा में समाज की बड़ी संख्या में मातृ शक्ति,पुरुष कर्मकर्ता,युवक-युवती,बच्चे समेत वरिष्ठजन भी सम्मलित होंगे।कर्मकर्ता,युवक-युवती,बच्चे समेत वरिष्ठजन भी सम्मलित होंगे। विदित हो कि बस्तर में सैकड़ों साल से उत्कल समाज के लाखों लोग निवासरत है,जो वर्षो पुरानी ओड़िया संस्कृति और परंपरा को आज भी जीवित रखा है। यही कारण है कि ओडिशा प्रांत के स्थापना दिवस 1 अप्रैल को बस्तर संभाग के उत्कल बन्धुओ के द्वारा उसी परम्परा का निर्वहन कर हर वर्ष 1 अप्रैल को धूमधाम के साथ उत्कल दिवस मनाया जाता है।

## समारोह : शिक्षा के क्षेत्र में विकास पर दिया गया जोर

# सर्व आदिवासी समाज ने जिपं, जनपद सदस्य सरपंच, उपसरपंच व पार्षदों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़



जनपद पंचायत अंतागढ़ क्षेत्र के नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत के सभी सदस्य और 56 ग्राम पंचायतो के सरपंच, उपसरपंच, वार्डपंचो व नगर के पार्षदो का सर्व आदिवासी समाज व एससी, ओबीसी समाज के पदाधिकारियों ने नवपहल करते हुए अंतागढ़ के गोंडवाना भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लॉक के परगना मांझियों, सामाजिक पदाधिकारियों के मार्गदर्शन और उपस्थिति सम्मान किया गया।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान आदिवासी संस्कृति व परम्परानुसार अपने पेनपुरखों, अपने ईस्ट देवी देवताओं व प्रकृति पेनशक्तियों का पूजा अर्चना, सेवा अर्जी करके व भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रजवलित व पुष्प माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। आयोजन के माध्यम से बताया गया कि सामाजिक व्यवस्था व समरसता के साथ-साथ गावों में पंचायत का बेहतर विकास व प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर क्षेत्रवासियों के कल्याण के लिए कृत संकल्पित है। कार्यक्रम को कई सामाजिक बुद्धजीवियों ने संबोधित कर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अपने अपने क्षेत्र के पंचायतो में बेहतर विकास के लिए जनकल्याणकारी कार्ययोजना बनाकर जनता के लिए समाज के उत्थान में बेहतर काम करने में संकल्पित हो। जनपद पंचायत अंतागढ़ अध्यक्ष मनोरमा मंडावी ने कहा कि मेरी जनपद में 56 सरपंच है,मै उन्हें पंचायत के विकास के लिए हर संभव मदद करूंगी, जहाँ भी जो भी समस्या आएगी, उसे सब मिलकर समाधान करने के लिए मै हर समय तत्पर रहूंगी। सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष संतराम सलाम ने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि आप सभी अपने अपने क्षेत्र में प्राथमिक शिक्षा पर फोकस करें। शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जो समाज को जागरूक व मजबूती साथ ही तरक्की की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा की सबसे पहले जो सरपंच अपने पंचायत में सर्वसुविधायुक्त पुस्तकालय बनवाएगा, उन्हें समाज के तरफ से 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पर प्रोत्साहन राशि के रूप में 11 हजार रूपएं के साथ सरपंच का सम्मान किया जाएगा।

पूर्व विधायक अनूप नाग ने प्रशासनिक अनुभव को साझा करते हुए कहा कि मुझे भी क्षेत्र की देवतुल्य जनता ने मौका दिया था और मैंने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के लिए बेहतर काम करने का प्रयास किया। अभी आप सभी जनपद, जिला सदस्य, सरपंच मिलकर जनता के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करिए और हमारे क्षेत्र के जनसमस्याओं को समाधान करने का प्रयास करिए। नवनिर्वाचित युवा सरपंच उमेश पोटाई ने कहा कि हमें सभी सरपंचो को को जनपद सदस्यों को संगठित रहना होगा और क्षेत्र के विकास के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। पंचायतो में ऐसे कई काम है जो आपको बिना संघर्ष के, सड़क की लड़ाई लड़े बिना नहीं मिलता, इसलिए जनता ने हमें बड़े उम्मीद के साथ चुना है उनके लिए हमें सड़क से लेकर जहाँ भी लड़ना पड़े हम सब मिलकर संघर्ष करेंगे और अंतागढ़ ब्लॉक के विकास में चार चाँद लाएंगे। सभा को सर्व समाज के अध्यक्ष राकेश गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य गुप्तेश्वर उसेंडी, जनपद सदस्य मगलू हिड़को, शारदा उसेंडी, उपसरपंच जयराम साहू, सामाजिक पदाधिकारी मादेश्वर जैन, हिरालाल माझी, बद्री गांवड़े, विश्राम गांवड़े ने भी संबोधित किया।

### ये रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में विशेष रूप से अंतागढ़ परगना मांझी श्यामलाल उइके, कोलर परगना मांझी मेहतुराम दर्रो, घनश्याम रामटेके, लक्ष्मीनाथ प्रधान, सुमनआचला, ज्योति उइके, शांति ध्रुव, श्यामू मरकाम, बिहारी गावड़े, प्रेम उइके, नंदलाल पोटाई, बज्जो आंचला, नरेंद्र नाग, शोभि नुरूति, ललित रडामी, सरिता हुपेंडी, असऊ आचाल, चन्द्रकला आचला, विजय साहू, धरमा दुग्गा, दलसु अचला सहित सरपंच, उपसरपंच, वार्डपच, पार्षद सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 14 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर पंचायत सचिव संघ आम नागरिक हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

पंचायत सचिव संघ के पिछले 14 दिनों से एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे हैं। इनके हड़ताल से सभी पंचायत क्षेत्रों के आश्रित गांवों में विकास कार्य ठप हैं। केंद्र सरकार के प्रमुख योजना प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्माणाधीन आवास निर्माण बंद पड़े हैं। आम नागरिकों को जरूरी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर के लिए भटकना पड़ रहा है।

हाल ही में पंचायत चुनाव संपन्न हुआ है, लेकिन नए सरपंचों को पुराने सरपंचों के द्वारा वित्तीय प्रभार भी नहीं दी गई है। इससे सभी कार्य बंद पड़े हुए हैं। इस सभी विभागों के योजनाओं के लिए सरपंच सचिवों का प्रमाणीकरण हस्ताक्षर जरूरी हो गया है। इधर पंचायत सचिव हड़ताल पर हैं और नए सरपंचों को प्रभार नहीं मिला है और सील मुहर भी नए सरपंचों के पास नहीं है। इस कारण आम नागरिक, किसान त्रस्त हैं। इधर पंचायत सचिव संघ के शिवप्रसाद नरेटी, कृपाराम बघेल, रामप्रसाद दुग्गा, नारद निषाद, सुरेश गावड़े, रामलाल गावड़े, प्रेमसिंह नाग, सूरज नरेटी ने बताया कि हम सभी सरकार के योजनाओं को जन-जन तक पहुंचते हैं, ग्राम स्तर पर सरकार रीढ़ हैं।

कर्तव्यनिष्ठ हैं कि हमें शासकीय करण करने सरकार पीछे हट रही है। ये सरकार के नीयत और नीति पर सवाल खड़ी कर रही है। मोदी की गारंटी में शासकीयकरण का उल्लेख है, इसे पूरा करना चाहिए। विष्णुदेव साय सरकार मोदी की गारंटी की ढिंढोरा पीटती है और मोदी की गारंटी के बावजूद सड़क पर उतर आए हैं। विष्णुदेव साय सरकार के द्वारा गारंटी के साथ मोदी की गारंटी को अमल कर प्रदेश भर के सचिवों को शासकीयकरण कर देना चाहिए। हमने ठाना है, शासकीयकरण लेकर रहेंगे।

## हिंदू नववर्ष पर निकली बाइक रैली, जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा



**भानुप्रतापपुर।** हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर भानुप्रतापपुर में रविवार को भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। हिंदू नववर्ष व राष्ट्रीय सुरक्षा मंच के तत्वाधान में निकली यह रैली श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई फिर श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर पर संपन्न हुई एवं इस दौरान युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। चैत्र महीने की शुरुआत होते ही जहां मां आदिशक्ति दुर्गा की आराधना उपासना का पर्व नवरात्रि शुरू हो जाता है। वहीं इस दिन से ही हिंदू नव वर्ष का भी शुभारंभ हो जाता है। पंचांग के अनुसार इस बार नव सत संवत्सर 2080 शुरू हो गया है एवं पंचांग भी चैत्र महीने से उपयोग में आता है। इस तरह से इस पर्व को हर्ष उल्लास और उत्साह के साथ हिंदुओं के द्वारा इसे मनाया जाता है। रैली में शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने भाग लिया। दोपहिया और चारपहिया वाहनों से सजी इस शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने भारत माता की जय और धार्मिक गीतों व बाइक रैली में शामिल युवाओं ने भगवा ध्वज लहराते हुए जय श्री राम और जय माता दी के जयकारे के साथ भक्तिमय बना दिया। पूरे शहर में उत्सव का माहौल नजर आया। नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली बाइक रैली का जगह-जगह लोगों द्वारा फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।



## ईदगाह में नमाज अदा कर मनाया गया ईद-उल-फितर का त्योहार

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर में मुस्लिम समाज द्वारा 31 मार्च को ईदगाह में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर नमाज अदा कर ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया गया। ईद का चांद नजर आते ही रविवार शाम मस्जिद के बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान बाजारों में सेवइयों और ड्राई फ्रूट्स की दुकानों पर खरीदारों की भारी संख्या देखने को मिली। मुस्लिम समाज के लोगो ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

ईद के अवसर पर भानुप्रतापपुर नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर एवं भारतीय जनता पार्टी के अन्य साथियों के साथ ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिन्दुस्तान ही एक ऐसा देश है, जहां सब मिलकर सभी धर्मों के त्योहार मनाते हैं और एक-दूसरे की खुशियों में शामिल होते हैं। आपसी प्रेम और भाईचारे का यह त्यौहार आपके और आपके परिवार के जीवन में सुख शांति और समृद्धि लाए। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंद डैडसेना, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सचिन दुबे, पूर्व मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी नरेंद्र शर्मा व पार्षद, नगर पंचायत पार्षद गुमान सिंह ठाकुर व राजकुमार यादव आदि के द्वारा ईदगाह में उपस्थित मुस्लिम समाज को ईद की शुभकामनाएं दी गई।

## मारवाड़ी महिलाओं ने गणगौर पूजा की व झांकीमय भव्य रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़



- गणगौर पूजा, विसर्जन में युवतियों व सुहागिनों में छलका उत्साह

राजस्थान के लोक पर्व गणगौर नगर के राजस्थानी मारवाड़ी समाज की महिलाओं और युवतियों द्वारा बड़े ही धूमधाम से नाचते-गाते हर्षोल्लास के साथ झांकी व रैली निकालकर ईश्वर-पार्वती (गणगौर) के मूर्तियों का विसर्जन किया गया।

जानकारी के अनुसार होली के दूसरे दिन से लेकर लगातार 16 दिनों तक चलने वाले इस पारंपरिक रस्म के अंतिम दिवस समाज की महिलाएँ व युवतियां ईश्वर - पार्वती (गणगौर) की पूजा अर्चना कर एवं रैली व झांकी निकाल कर नगर के नदी में विधिवत विसर्जन किया गया। 16 दिनों तक चलने वाले इस रस्म में 8 दिन कच्ची और 8 दिन पक्की गणगौर की पूजा होती है। शीतलाष्टमी को गणगौर का पूजन करने वाली समाज की युवती और महिलाएं पक्की गणगौर बनाने के लिए कुम्हार के घर मिट्टी लेने जाती है और इसके बाद कच्ची मिट्टी को गणगौर ईश्वर-पार्वती का स्वरूप देकर उनका श्रृंगार करती है एवं आगामी 8 दिन तक उनकी पूजा की जाती है। प्रत्येक सुबह महिलाएं और युवतियां बगीचे में जाकर दूब लेकर आती है और गणगौर की पूजा करती है। नवविवाहिता और युवतियां जोड़े बनाकर सज धजकर और गीत गाकर 16 दिन तक ईश्वर पार्वती (गणगौर) की पूजा अर्चना करती है। गणगौर पूजन के दौरान नव विवाहित युवतियां और महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए गणगौर माता का पूजन करती है, वहीं कुंवारी लड़कियां अपने-अपने लिए अच्छे वर की कामना के लिए गणगौर की पूजा करती है। अंत में पूरे विधि विधान के साथ समाज की महिलाएँ नाचते गाते ईश्वर -पार्वती (गणगौर) के मूर्तियों का विसर्जन कर कार्यक्रम का समापन किया।

## अस्मिता वूमेन जूडो लीग के अंतिम चरण में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




भारतीय खेल प्राधिकरण, केंद्रीय खेल व युवा कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से भारतीय जूडो महासंघ ने छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ को छत्तीसगढ़ के चार शहर बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर और जगदलपुर में अस्मिता वूमेन जूडो लीग 2024-25 के आयोजन स्वीकृति दी थी।

अस्मिता वूमेन जूडो लीग के आज अंतिम चरण के तहत ऑल बस्तर जिला जूडो संघ द्वारा शहर के इंद्रा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता खेलो इंडिया और भारतीय खेल प्राधिकरण एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वावधान में आयोजित की गई थी। अस्मिता सिटी लीग जूडो प्रतियोगिता में बालिकाओं के लिए 31 विभिन्न वजन समूहों के मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि गीतिका साहू साहू उप पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र पांडे एमआईसी सदस्य तथा अतिथिगण राणा घोष पार्षद, अभिषेक अवस्थी सुषमा झा, एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक विजय नाग (शहीद पंकज विक्रम सम्मान) द्वारा विजयी जूडो खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया।

## महावीर कप का हर मैच हो रहा रोमांचक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर श्री सकल जैन समाज एवं जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सहयोग व समर्पण का संदेश देते हुए

- सकल जैन समाज एवं जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन करवा रही क्रिकेट प्रतियोगिता



हाताग्राउण्ड में आयोजित नौ दिवसीय महावीर कप में शहरवासियों को रोमांचक मुकाबला देखने को मिल रहा है। गर्मी के मौसम में दूधिया रोशनी में आयोजित यह क्रिकेट प्रतियोगिता शहर में मनोरंजन का प्रमुख व आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। महावीर कप में सभी टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हो रहा है। 29 मार्च को वीर और मोक्ष के बीच मैच खेला गया। जिसमें मोक्ष टीम ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। वीर टीम ने शानदार 12 ओवर तक बल्लेबाजी कर 116 रन 3 विकेट गंवा कर बनाएं और वही मोक्ष को वीर ने 101 रन पर रोककर यह मैच अपने नाम कर लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच वीर के कैप्टन नितेश जैन को मिला। 30 मार्च को क्षमा और सेवा के बीच मैच खेला गया। जिसमें सेवा टीम ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। क्षमा टीम ने शानदार 12 ओवर तक बल्लेबाजी कर 122 रन 5 विकेट गंवा कर बनाएं और वही सेवा को क्षमा ने 92 रन पर समेटकर यह मैच अपने नाम 30 रन से विजयी होकर लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच कुशल लुंकड को मिला। 30 मार्च को पहला मैच विनम्र और संयम के बीच खेला गया।

## कलियुग में मोक्षप्राप्ति का एकमात्र मार्ग है देवी भागवत श्रवण : आरती दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

सुभाषपारा में आयोजित श्रीमद देवी भागवत कथा के दूसरे दिवस भी जारी रही। जहां प्रवचनकर्ता बाल विदुषि शुभ आरती दीदी ने बताया कि हमें सत्संग क्यों करना चाहिए, मनुष्य के अवस्था आयु तेजी से कम होती जा रही। वह केवल अपने व परिवार की आवश्यकता की पूर्ति करते अपने जीवन काल के अंतिम पड़ाव में पहुच जाता है, लेकिन उन्हें शांति नही मिलती है। सत्संग भजन कीर्तन पूजा पाठ से ही मनुष्य को शांति मिलती है। इसलिए जीवन मे यह भी महत्वपूर्ण माना गया है। उन्होंने बताया कि हमें अच्छे लोगों कि संगत करना चाहिए, बुरा संगत में अच्छा इंसान भी बुरा बन जाता है। हमें जीवन में अच्छे कर्म करना श्रीमद्भागवत कथा श्रवण कर उन्हें आत्मसात करना है। हमे मीठा वाणी बोलन चाहिए, अच्छा व्यवहार करना चाहिए। मनुष्य का मन व इंद्री कभी भी संतुष्ट नहीं रहती, इसीलिए मानव पूरे जीवन भटकते रहता है। आदि माँ शक्ति की भक्ति व भजन से हम मन को केंद्रित कर सकते है। देवी भगवती के महत्व पितरो की सदगति एवं पित्रकृपा की प्राप्ति का एक साधन बताया गया है। कथा के पहले दिवस दिवस रविवार को कलश यात्रा, गौरी गणेश पूजन, देव प्रतिष्ठा एवं ज्योति स्थापना, देवी भागवत महात्म्य की कथा और दूसरे दिवस श्रीमद देवी भागवत कथा चित्रोत्पला गंगा मैया का प्राकट्य, शीतला मैया दिव्य दर्शन, शीतला का प्राकट्य एवं सम्पूर्ण जगत कृपा की विस्तारपूर्वक कथा बताया।



### जन्मों के पुण्य से मिलता है देवी भागवत सुनने का सौभाग्य

कथावाचक आरती ने कहा कि अनेक जन्मों के पुण्य के बाद ही आपको श्रीमद देवी भागवत सुनने का सौभाग्य मिलता है। कलियुग में भोग विलास के अनेक साधन मिल जाएंगे, लेकिन मोक्ष मुक्ति का एक ही मार्ग देवी भागवत श्रवण करना है। भीषण गर्मी को देखते हुए कथा का समय 4 बजे से शाम 7 बजे तक रखा गया है।

### इनके सहयोग से हो रहा आयोजन

सुभाषपारा में जन सहयोग से आठ दिवसीय श्रीमद देवी भागवत आयोजन के भागीरथी प्रयास रमेश शर्मा, राजेश जैन, विनोद जयसवाल, महेश जैन, तानु यादव, सरोजिन विश्वास, प्रकाश ठाकुर, प्रमिला दास, ललित जैन, रीता जयसवाल, कमला सिह, एन. रंजीता, कौशल शांडिल्य, रीता सिह, अन्नपूर्णा ठाकुर, निर्मला यादव, सुशीला नायक शामिल है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच
16 मई से 23 मई, 23 मई से 30 मई, 06 जून से 13 जून
25 जुलाई से 1 अगस्त 2025 (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411